सबसे ऊंचा स्काई गार्डन 'जलसा' का हुआ उद्घाटन

संवाददाता, कोलकाता

स्काई गार्डन 'जलसा' जमीन से 198 फीट है ऊपर

हावड़ा के शालीमार में सबसे ऊंचे स्काई गार्डन 'जलसा' का उद्घाटन किया गया. इडन रियल्टी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाये जा रहे स्काइ गार्डन का उद्घाटन गायक, संगीत निर्देशक और फिल्म निर्माता अनिंद्य चटर्जी ने किया.

इस मौके पर इडन रियल्टी ग्रुप के चेयरमैन सच्चिदानंद राय, एमडी आर्य सुमंत और संयुक्त प्रबंध निदेशक कुमार सात्यकी उपस्थित रहे. 'जलसा' हावड़ा में बनाया जा रहा पहला स्काइ गार्डन है. यह प्रसिद्ध आर्किटेक्ट मलय घोष द्वारा डिजाइन किया गया है.

यह परियोजना, जो 18 एकड़ का हिस्सा है, 2028 के दिसंबर तक दो चरणों में पूरी होने की उम्मीद है. जलसा, स्काइ गार्डन जमीन से 198 फीट ऊपर है. इडन रियल्टी 2030 तक 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. इडन रियल्टी ग्रुप के चेयरमैन सच्चिदानंद राय ने कहा कि रियल एस्टेट इंडस्ट्री में हमारी दृष्टि में पर्यावरण-अनुकूल पहलों के माध्यम से एक हरित भविष्य सुनिश्चित करना है. एमडी आर्य सुमंत ने कहा कि हमारी निवेश योजना में आवासीय बाजार में 3200 करोड़ रुपये और खुदरा और वाणिज्यिक क्षेत्र में 1600-1800 करोड़ रुपये शामिल हैं, जिसमें कुल निवेश राशि 5000 करोड़ रुपये है.

उन्होंने आगे कहा कि ईडन रियल्टी में आगामी विकास में चार रिवरसाइड परियोजनाएं शामिल हैं, जिसमें एक उत्तर कोलकाता शॉपिंग मॉल और दो वाणिज्यिक परियोजनाएं हैं.

संयुक्त प्रबंध निदेशक कुमार सात्यकी ने कहा कि हम सोलारिस शालीमार परियोजना में 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं. शालीमार में टू बीएचके घर 27.95 लाख रुपये और थ्री बीएचके घर 42.70 लाख रुपये से शुरू होता है.